Raj Express (Indore), 29th July 2023, Page – 11

शिक्षण आईआईटी इंदौर में नई बैच की शुरुआत अगस्त से

इलेक्टिव विषय की हिस्सेदारी बढ़कर 12 प्रतिशत

इंदौर ■ राज न्यूज नेटवर्क

आईआईटी इंदौर में नई बैच का पहला सेमेस्टर अगस्त से शुरु हो रहा है। इसके साथ ही तमाम आईआईटी में भी जल्द ही क्लासेस शुरु होने वाली है। जोसा काउंसलिंग संपन्न होने के बाद अब स्टूडेंट्स में अपने आवंटित कॉलेजों में एडमिशन के लिए उत्सुकता दिखाई दे रही है।

इस साल से आईआईटी इंदौर स्टूडेंट्स के लिए 5 दिन का ओरिएंटेशन प्रोग्राम आयोजित करेगा। पहले यह प्रोग्राम तीन दिन का होता था। इसके अलावा फर्स्ट इयर के स्टूडेंट्स को भी उनकी पसंद के विषय पढ़ने की स्वतंत्रता देते हुए इलेक्टिव की हिस्सेदारी बढ़ाकर 4 प्रतिशत से 12 प्रतिशत की गई। ओपन इलेक्टिव को बढ़ाकर 4 प्रतिशत से 11 प्रतिशत किया गया। इसके अलावा अनुभव आधारित शिक्षण को बढ़ाते हुए 10 प्रतिशत से 15 तिशत किया है।

नए सत्र से आईआईटी का नया इनिशिएटिव

आईआईटी एक नया इनशिएटिव नए सत्र से शुरू करने जा रहा है। इसमें स्टुडेंट्स को बताया जाएगा कि प्रोडक्ट कैसे बनाए, डिजाइन, मेन्यूफ्रेक्चरिंग और ट्रेनिंग दी जाएगी। साथ ही यह बताया जाएगा प्रोडक्ट पर काम कैसे करना है। पूर्व में टेबल टॉप मॉडल पर प्रेक्टिल ज्ञान दिया जाता था। 'इसी प्रकार जेनेसिस संस्थान के नए स्टूडेंट्स के लिए एक ओरिएंटेशन प्रोग्राम है, जो कि वर्ष 2022 में शुरू किया गया था। आईआईटी मप्र सरकार के साथ एमओयू करने जा रहा है, जिसके माध्यम से सरकारी इंजीनियरिंग कॉलेज के 50 स्टूडेंट्स आईआईटी में आखिरी साल की पढ़ाई कर सकेंगे। इसके लिए स्टूडेंट्स के नाम उनके कॉलेज द्वारा नॉमिनेट किए जाएंगे। परीक्षा व इंटरव्यू से इनका चयन किया जाएगा।

शुरू किए दो नए कोर्स

आईआईटी इंदौर के निदेशक प्रो. सुहास एस. जोशी ने बताया यूजी के स्टूडेंट्स के लिए इमर्शन प्रोग्राम और डिजाइन थिंकिंग, दो नए कोर्स शुरू किए जा रहे हैं। सभी स्टूडेंट्स के लिए यह अनिवार्य रहेंगे। इमर्शन प्रोग्राम के तहत स्टूडेंट्स को ग्रामीण, इंडस्ट्रियल और डिफेंस लाइब्रेरी में जाकर, वहां की समस्याओं का पता लगाकर डाक्यूमेंट तैयार करने होंगे। डिजाइन थिकिंग प्रोग्राम जो कि फॉलोअप कोर्स है। उन्होंने बताया आईआईटी इंदौर में इस साल से एक ऐसी लैब शुरू की जा रही जो एक छोटी फैक्टरी की तरह होगी। मेकर स्पेस नाम से बनाई इस लैब में आईआईटी इंदौर ने 7 करोड़ रुपए खर्च किए। इस लैब में सभी प्रकार के आधुनिक उपकरण हैं जिनकी प्रोग्रामिंग की जा सकती है- जैसे 3डी प्रिंटिंग, लेजर, ड्रिलिंग मशीन, फेब्रिकेशन आदि। छात्र लकड़ी, प्लास्टिक, मेटल के उत्पाद व अन्य इलेक्ट्रॉनिक कंपोनेंट भी बना सकेंगे।

तारीख वेबसाइट पर

एक्सपर्ट के अनुसार आईआईटी में एडमिशन के लिए रिपोर्टिंग तारीख प्रत्येक आईआईटी की वेबसाइट पर जारी की जा रही हैं। स्टूडेंट्स आवंटित आईआईटी की वेबसाइट पर दी गई जानकारी को अच्छी तरह पढ़ें, क्योंकि हर आईआईटी द्वारा रिपोर्टिंग, ओरिएंटेशन व क्लास शुरू करने की तारीख अलग-अलग दी हुई हैं। आईआईटी की वेबसाइट पर दी गई जानकारियों में एडमिशन लिंक पर जाकर अपनी रजिस्ट्रेशन प्रक्रिया पूर्ण कर सकते हैं।